श्री गायत्री चालीसा

www.anipdf.com

॥ दोहा ॥

हीं श्रीं, क्लीं, मेधा, प्रभा, जीवन ज्योति प्रचण्ड ।
शांति, क्रांति, जागृति, प्रगति, रचना शक्ति अखण्ड ॥
जगत जननि, मंगल करनि, गायत्री सुखधाम ।
प्रणवों सावित्री, स्वधा, स्वाहा पूरन काम ॥

॥ चालीसा ॥

भूर्भुवः स्वः ॐ युत जननी ।
गायत्री नित कलिमल दहनी ॥1॥

अक्षर चौबिस परम पुनीता ।
इनमें बसें शास्त्र, श्रुति, गीता ॥2॥

शाश्वत सतोगुणी सतरुपा ।
सत्य सनातन सुधा अनूपा ॥3॥

हंसारुढ़ सितम्बर धारी ।
स्वर्णकांति शुचि गगन बिहारी ॥4॥

पुस्तक पुष्प कमंडलु माला ।
शुभ्र वर्ण तनु नयन विशाला ॥5॥

www.anipdf.com

ध्यान धरत पुलकित हिय होई ।
सुख उपजत, दुःख दुरमति खोई ॥6॥

कामधेनु तुम सुर तरु छाया ।
निराकार की अदभुत माया ॥7॥

तुम्हरी शरण गहै जो कोई ।
तरै सकल संकट सों सोई ॥8॥

सरस्वती लक्ष्मी तुम काली ।
दिपै तुम्हारी ज्योति निराली ॥9॥

तुम्हरी महिमा पारन पावें ।
जो शारद शत मुख गुण गावें ॥10॥

चार वेद की मातु पुनीता ।
तुम ब्रहमाणी गौरी सीता ॥11॥

महामंत्र जितने जग माहीं ।
कोऊ गायत्री सम नाहीं ॥12॥

सुमिरत हिय में ज्ञान प्रकासै ।
आलस पाप अविघा नासै ॥13॥

www.anipdf.com

सृष्टि बीज जग जननि भवानी ।
काल रात्रि वरदा कल्यानी ॥14॥

ब्रहमा विष्णु रुद्र सुर जेते ।
तुम सों पावें सुरता तेते ॥15॥

तुम भक्तन की भक्त तुम्हारे ।
जननिहिं पुत्र प्राण ते प्यारे ॥16॥

महिमा अपरम्पार तुम्हारी ।
जै जै जै त्रिपदा भय हारी ॥17॥

पूरित सकल ज्ञान विज्ञाना ।
तुम सम अधिक न जग में आना ॥18॥

तुमहिं जानि कछु रहै न शेषा ।
तुमहिं पाय कछु रहै न क्लेषा ॥19॥

जानत तुमहिं, तुमहिं है जाई ।
पारस परसि कुधातु सुहाई ॥20॥

तुम्हरी शक्ति दिपै सब ठाई ।
माता तुम सब ठौर समाई ॥21॥

www.anipdf.com

ग्रह नक्षत्र ब्रहमाण्ड घनेरे ।
सब गतिवान तुम्हारे प्रेरे ॥22॥

सकलसृष्टि की प्राण विधाता ।
पालक पोषक नाशक त्राता ॥23॥

मातेश्वरी दया व्रत धारी ।
तुम सन तरे पतकी भारी ॥24॥

जापर कृपा तुम्हारी होई ।
तापर कृपा करें सब कोई ॥25॥

मंद बुद्घि ते बुधि बल पावें ।
रोगी रोग रहित है जावें ॥26॥

दारिद मिटै कटै सब पीरा ।
नाशै दुःख हरै भव भीरा ॥27॥

गृह कलेश चित चिंता भारी ।
नासै गायत्री भय हारी ॥28॥

संतिति हीन सुसंतति पावें ।
सुख संपत्ति युत मोद मनावें ॥29॥

www.anipdf.com

भूत पिशाच सबै भय खावें ।
यम के दूत निकट नहिं आवें ॥30॥

जो सधवा सुमिरें चित लाई ।
अछत सुहाग सदा सुखदाई ॥31॥

घर वर सुख प्रद लहैं कुमारी ।
विधवा रहें सत्य व्रत धारी ॥32॥

जयति जयति जगदम्ब भवानी ।
तुम सम और दयालु न दानी ॥33॥

जो सदगुरु सों दीक्षा पावें ।
सो साधन को सफल बनावें ॥34॥

सुमिरन करें सुरुचि बड़भागी ।
लहैं मनोरथ गृही विरागी ॥35॥

अष्ट सिद्घि नवनिधि की दाता ।
सब समर्थ गायत्री माता ॥36॥

ऋषि, मुनि, यती, तपस्वी, जोगी ।
आरत, अर्थी, चिंतित, भोगी ॥37॥

www.anipdf.com

जो जो शरण तुम्हारी आवें ।
सो सो मन वांछित फल पावें ॥38॥

बल, बुद्घि, विघा, शील स्वभाऊ ।
धन वैभव यश तेज उछाऊ ॥39॥

सकल बढ़ें उपजे सुख नाना ।
जो यह पाठ करै धरि ध्याना ॥40॥

॥ दोहा ॥

यह चालीसा भक्तियुत, पाठ करे जो कोय ।
तापर कृपा प्रसन्नता, गायत्री की होय ॥

www.anipdf.com